राजस्थान सरकार

# कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान

## प्राविधिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान, जोधपुर

### W-6, रेजिडेन्सी रोड, जोधपुर (राजस्थान)

क्रमांकः प.सं.7(11)/प्र-1/केन्द्रीप्रवेश/2026/11597 दिनांकः 10.07.2026

**राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) में "केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया" के माध्यम से प्रवेश हेतु संशोधित सूचना प्रवेश सत्र :: 2026-27/28**

सत्र 2026-27/28 में राज्य की समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (N.C.V.T.) एवं राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (S.C.V.T.) के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश तथा प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (N.C.V.T.) के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु **राज्य स्तरीय केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया** द्वारा प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। प्रवेश प्रक्रिया की महत्वपूर्ण तिथियां निम्नानुसार हैं—

| | |
|---|---|
| राजस्थान सरकार के एकीकृत पोर्टल **sso.rajasthan.gov.in/E-Mitra कियोस्क** के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की प्रारम्भ तिथि | **15/07/2026** |
| ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने, आवेदन/प्रोसेस शुल्क ई-मित्र के माध्यम से जमा कराने की अंतिम तिथि | **23/07/2026** |

**प्रोत्साहन/महत्वपूर्ण जानकारीः**

| | |
|---|---|
| 1 | **महिला अभ्यर्थीयों से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण शुल्क नहीं लिया जायेगा।** |
| 2 | **आई.टी.आई. के दो वर्षीय पाठ्यक्रम के साथ प्रशिक्षणार्थी को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं तथा बारहवीं उत्तीर्ण समकक्षता का प्रावधान।** |
| 3 | **युवाओं को आईटीआई में प्रवेश हेतु नियमानुसार आरक्षण की व्यवस्था।** |
| 4 | **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों/व्यवसायों में रोजगारपरक प्रशिक्षण की व्यवस्था। प्रचलित व्यवसाय इलैक्ट्रीशियन, फिटर, इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, मैकेनिक डीजल, रेफ्रीजरेशन एवं एयर कंडिशनिंग टेक्नीशियन, वायरमैन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, वेल्डर, स्टेनोग्राफर एण्ड सेक्रेट्रियल असिस्टेन्ट (हिन्दी/अंग्रेजी) कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, कॉस्मेटोलॉजी इत्यादि है। इसके अतिरिक्त भी विभिन्न रोजगारपरक व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया जाता है।** |

1. प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की आयु 01.09.2026 को 14 वर्ष या 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिये।
2. प्रवेश हेतु विभिन्न व्यवसायों की प्रवेश योग्यता 8वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण है।
3. ऑनलाईन आवेदन/प्रोसेस का निर्धारित शुल्क एस.सी./एस.टी. अभ्यर्थी हेतु 175/- रूपये एवं अन्य अभ्यर्थी हेतु 200/- रूपये निर्धारित है।
4. अभ्यर्थी वेबसाईट लिंक **http://hteapp.hte.rajasthan.gov.in/iti_admission/** का अवलोकन कर प्रवेश के लिए संस्थानों द्वारा ली जाने वाली फीस इत्यादि की नवीनतम जानकारी प्राप्त कर ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।
5. राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों में सत्र 2026-27/28 में प्रवेश हेतु केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया एवं सीट आवंटन की महत्वपूर्ण तिथियों, प्रवेश संबंधी विस्तृत सूचनाएं एवं प्रवेश विवरणिका विभाग की वेबसाईट **https://dot.rajasthan.gov.in** पर तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में भी उपलब्ध हैं।

***"हुनर का हर हाथ, रहे रोजगार के साथ"***

**DIPR/C/12456/2026** **निदेशक प्रशिक्षण**